सार-समाचार

वैष्णव समाज की महिलाओं ने लगाए परिंडे

पाली, (नि.सं.)। वैष्णव समाज (च.स.) महिला मंडल पाली की ओर से हर घर परिंडा की मुहिम के तहत महिलाओं ने राजेंद्र नगर में पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे लगाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला मंडल की तारा वैष्णव ने बताया कि पाली महिला सुरक्षा सहयोगी समिति पाली से प्रेरित होकर तेज गर्मी में जिस तरह से हमें प्यास लगती है। उसी तरह से पक्षियों को भी प्यास लगती हैं। ग्रीष्म ऋतु में पक्षियों को दाना -पानी सुलभ प्राप्त हो जाएइसी बात को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने मिलकर पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे लगाएयह जीव सेवा ही परमार्थ का कार्य है। मनीषा रामावत ने बताया कि हर घर परिंडा की मुहिम एक पुनीत कार्य हैं और यह सेवा का नेक कार्य हैं।इसमें सभी महिलाओं की सहभागिता से परिंडे लगाने का कार्य किया गया। उपस्थित सभी महिलाओं को प्रतिदिन परिंडो में दाना -पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। दिव्या ज्योति ने बताया कि सभी महिलाओं ने स्वप्रेरित होकर अपने घर पर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करने की शपथ ली। भविष्य में भी सभी को प्रेरित करने का निर्णय लिया। ममता वैष्णव ने बताया कि घर-घर जाकर पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किए।यह मुहिम ग्रीष्म ऋतु में लगातार चलती रहेगी। सरोज वैष्णव ने इस नेक कार्य में सहयोग के लिए उपस्थित सभी महिलाओं का स्वागत किया व आभार जताया। कार्यक्रम में शांति देवी वैष्णव, छोटू देवी, पुष्पा वैष्णव, गुड्डी वैष्णव, ममता वैष्णव, बसंती देवी, मंजूलता, सविता वैष्णव, टीना वैष्णव,निशा वैष्णव, संतोष देवी, कौशल्या,भावना, मंजू वैष्णव, पायल वैष्णव, अंजलि वैष्णव, तनीषा वैष्णव,जाह्नवी वैष्णव, हंसिका वैष्णव,कमला देवी,प्रेम देवी,रेखा देवी,मीरा देवी,मीना देवी, वीणा देवी, नीतू देवी,काली देवी,रेणु,सुखी देवी के सहित अन्य गणमान्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी

जोधपुर, (कासं)। सरदारपुरा बी रोड व्यापार संघ द्वारा 8 अप्रेल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया। सरदारपुरा बी रोड व्यापार संघ के सदस्य कन्हैयालाल सबनानी ने बताया कि व्यापारी संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय रत्ना देवी सबनानी की स्मृति में आठ अप्रेल को सुबह 9.30 से शाम 4 बजे तक सिंधु भवन हेमू कालानी चौराहा पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें सिंधी गुरु संगत सोसाइटी दरबार भी सहयोग करेगी। अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल जिन्दल व कोषाध्यक्ष केदारनारायण पंचारिया ने सभी व्यापारियों व रक्तदाताओं से रक्तदान की अपील की। सचिव सुनील अठावाल व सह सचिव दीपक रामावत ने बताया कि शिविर में तरुण कटारिया के द्वारा 100 वां रक्तदान किया जाएगा। बैनर के विमोचन के समय चंद्रसेन आसवानी, नारायणदास, भैरू सिंह राजपुरोहित, ललित अयानी और सिंधु गुरु संगत सोसायटी दरबार के भरत अवतानी आदि उपस्थित थे।

नवोदय में चयनित अरूण का सम्मान

सायला, (निसं)। कस्बे के रामदेव शिक्षण संस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र अरूण मेघवाल का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 के तहत कक्षा 6 में चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया। संचालक जयंतीलाल जीनगर ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा प्रवेश परीक्षा 2024 में विद्यालय के छात्र अरुण मेघवाल पुत्र कांतिलाल मेघवाल का चयन हुआ था। जिसका विद्यालय परिवार द्वारा साफा एवं माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। छात्र अरूण मेघवाल एक गरीब परिवार से है तथा उसके माता-पिता दिहाडी मजदूरी पर जाते हैं। जो विद्यालय में आरटीई के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेशित था। जिसके शिक्षण शुल्क का भुगतान भी राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता था। इस दौरान संचालक जयंतीलाल जीनगर, प्रधानाध्यापिका श्रीमती भानुमति, जुगल किशोर, वीणा कुमारी, रक्षित दईया, सूरज कुमारी, अश्विनी कंवर, काजल कंवर, चंद्रिका त्रिवेदी, कविता माली समेत अभिभावक उपस्थित थे।

राजनैतिक दलों की बैठक ली

रेवदर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र रेवदर-148 के विभिन्न राजनैतिक दलों की बैठक सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भागीदारी है। हम सभी मिलकर इस चुनाव को पारदर्शी तरीके से भयमुक्त होकर आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए लोकतंत्र के उत्साह में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करेंगे व आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 का सफल आयोजन करवायेंगे। बैठक में विकास अधिकारी आवडदान चारण सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी मनोज नालिया द्वारा दी गई।

कुएं में गिरने से युवक की मौत

रेवदर, (निसं)। रेवदर उपखंड के समीपवर्ती थाना क्षेत्र के धवली में मंगलवार दोपहर के कृषि कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के शव को कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल में लाए। एएसआई दिनेश कुमार ने बताया कि धरमाराम पुत्र गोमाराम गरासिया निवासी बहादुरपुरा ने रिपोर्ट दी है कि उसके चार बेटों में सबसे बडा बेटा चुनाराम (25) धवली गाँव में पदमाराम पुत्र चतराराम कलबी के कृषि कुएं पर से काम करता था। मंगलवार दोपहर को चुनाराम और उसकी पत्नी कृषि कुएं पर थे, लाइट आने पर कृषि कार्य हेतु मोटर चालू करके जा रहा था, तब पैर फिसलने से कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को रेवदर के राजकीय अस्पताल लाई, जहां रिपोर्ट के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश

सायला, (निसं)। क्षेत्र के बिशनगढ, तीखी, बालवाड़ा एवं नरसाना में स्वीप गतिविधि के तहत मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। सुपरवाइजर बिशनगढ़ नरसिंहदास वैष्णव ने बताया कि तीखी, बिशनगढ़, बालवाड़ा एवं नरसाना में मानव श्रृंखला बनाकर स्वीप, वोट एवं मतदान तिथि की आकृति बनाई गई। साथ ही मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 का प्रचार प्रसार करते हुए मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सरदारसिंह चारण प्रधानाचार्य राउमावि बिशनगढ एवं बीएलओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए।

जागरूकता रैली व शपथ कार्यक्रम हुआ

पाली, (नि.सं.)। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता जागरूकता को लेकर जिले के पंचायत समिति, रानी में स्वीप कार्यक्रम में मतदान जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विकास अधिकारी रानी नारायण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रैली निकालकर मतदान के लिए आने वाले 26 अप्रैल को अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया और मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास की सुपरवाइजर आशा सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के राजीव गांधी नगर पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि केरू निवासी हरीशपुरी पुत्र प्रेमपुरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ टिपलाइन के जरिए आईटी एक्ट में केस दर्ज करवाया गया। उस पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी का आरोप लगा है।

सर्विस वोटर ने मतदान की शपथ ली

जैसलमेर, (नि.सं.) । जैसलमेर में बुधवार को सर्विस वोटर को मतदान के प्रति जागरुक करने एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह के निर्देशों की पालना में स्वीप के नोडल प्रभारी भागीरथ विश्नोई द्वारा शपथ दिलाई गई।

बाड़मेर में रविंद्र भाटी का जोर, प्रतापपुरी महाराज पर नजर टिकी

पोकरण, (निसं)। बाड़मेर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होने के साथ ही साथ कांग्रेस व भाजपा के दोनों प्रत्याशी जाट जाति से आते हैं। निर्दलीय प्रत्याशी राजपूत जाति से होने के कारण भाजपा के लिए एक चुनौती बना हुआ है । वहीं पोकरण भाजपा विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज राजपूत समाज के साथ ही साथ 36 कौम के आस्था का केंद्र तारातर मठ जो कि बाडमेर क्षेत्र में आता है ।

पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी का मठ के महंत होने के साथ मतदाताओं पर अच्छी पकड है, अगर भाजपा द्वारा स्टार प्रचारक बनाकर जोधपुर व बाडमेर दोनों मारवाड की लोकसभा सीटों पर मारवाड के महादेव भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार एवं रणनीति के तहत भाजपा के केंद्रीय प्रभारी एवं कद्दावर नेता पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज को फ्री हैंड करते हैं तो भाजपा को लाभ मिल सकता है। देखना यह है कि भाजपा के कद्दावर नेता जनवाणी एवं सट्टा बाजार पर नजर रखे तो पोकरण विधायक मारवाड के महादेव बाजी बदल सकते हैं? । लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 के पार के के नारे पर राजस्थान में 25 में से 25 सीट प्राप्त करना भाजपा के लिए बडी चुनौती बनी हुई है । राजस्थान की सबसे हॉट सीट बाडमेर लोकसभा सीट पर देश व दुनिया की नजर बनी हुई है। भाजपा के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री कैलाश चौधरी वहीं कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी उम्मीदाराम बेनीवाल, निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी का लोकसभा चुनाव में निर्दलीय नामांकन फॉर्म भरने के साथ ही चुनावी रण में एक रोचक मुकाबला होता हुआ नजर आ रहा है । लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस व भाजपा से जाट जाति से उम्मीदवार होने एवं निर्दलीय से राजपूत जाति से चुनावी मैदान में होने के कारण मुकाबला रोचक के साथ ही साथ हॉट सीट बनकर देश दुनिया में छा गया है । भाजपा के कदावर नेता अमित शाह सहित मुख्यमंत्री एवं भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा बाडमेर सीट पर कैबिनेट मंत्री कैलाश चौधरी को भाजपा उम्मीदवार उतारने को लेकर के कशमकश में चल रहे हैं बाडमेर कि राजनीतिक पुरे देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गई है ।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री सहित कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता जी जान लगा रहे हैं ।

वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की लगातार शहर कस्बे एवं ढाणी-ढाणी में छतीस कौम के समर्थकों की भीड एक रिकॉर्ड बनती की नजर आ रही है, जो कि भाजपा एवं कांग्रेस के लिए एक बडी चुनौती नजर आ रही है। वहीं भाजपा की शाखा दाव में होने के कारण मिडिया व राजनीतिक ज्योतिष आचार्यों का कहना है कि राज सिंहासन को धकेला में इसका कोई मुद्दा है तो वह रविन्द्र सिंह भाटी का लोकसभा चुनाव में निर्दलीय ताल ठोंकना। अब रविन्द्र सिंह भाटी की नामांकन सभा में ऐतिहासिक भीड होने की संभावना विभिन्न सुरक्षा एजेंसी ने कलेक्टर व उच्च अधिकारियोंको रिपोर्ट भेज कर दी। यह जानकारी दी गई की 3 लाख से ज्यादा संख्या में भीड़ जुटने की सम्भावना जाहिर की है।

कांग्रेस प्रत्याशी वैभव की नामांकन सभा आज

जालोर, (कासं)। जालोर- सिरोही सांचोर लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में नामांकन जन सभा 4 अप्रेल को शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में रखी है।

जन सभा को अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, टीकाराम जुली नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा सम्बोधित करेंगे।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि नामांकन जनसभा के पश्चात कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कुम्पावत ने बताया कि नामांकन जन सभा मे जालोर, सिरोही,सांचोर जिले के विधायव, विधानसभा चुनाव 2023 के कांग्रेस प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष/ सदस्य बोर्ड एवं निगम, प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी,पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक एवम नगराध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान, उप प्रधान, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष, पूर्व जिला प्रमुख,पूर्व प्रधान, पूर्व पालिका अध्यक्ष,जिला परिषद एवम पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद एवम पालिका नेता प्रतिपक्ष, समस्त पार्षद, अग्रिम संगठन एवम प्रकोष्ठ विभाग जिलाध्यक्षगणों सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवम आमजन उपस्थित रहेंगे।

प्रायोगिक कर्माभ्यास में सिखाए नाड़ी परीक्षा के गुर

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग की ओर से आयोजित नाड़ी परीक्षण विषयक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन बुधवार को समारोहपूर्वक हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव प्रोफेसर गोविन्द सहाय शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय कार्यशाला से नाड़ी परीक्षा के नियमित अभ्यास से चिकित्सा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। नाडी परीक्षा से सम्बंधित कार्यशाला नियमित अंतराल पर होती रहनी चाहिए। वैद्य समाज में नाड़ी-परीक्षा का प्रचलन प्राचीन काल से चला आ रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक आयुर्वेद एवं नाडी विशेषज्ञ डॉ. विनायक विट्ठल तायड़े ने अपने संबोधन में कहा कि नाड़ी से वात, पित्त, कफ, द्वन्द्व तथा सन्निपातज रोगों का ज्ञान एवं उनके द्वारा होने वाले रोगों का ठीक होना या नहीं होने का ज्ञान होता है। नाड़ी की सूक्ष्म गतियों पर विचार करने वाला चिकित्सक रोग का समय-सप्ताह, दिन तथा घण्टों का ज्ञान कर सकता है कि इस रोग की चिकित्सा कितने समय में हो सकती है। जिसके लिए मन की एकाठाता आवश्यक है लेकिन इस बात को कह देना जितना सरल है उतना ही करके देखना कठिन है। केवल नाड़ी-परीक्षा की पुस्तक पढ़ लेने से ही ज्ञान नहीं हो सकता। इसके लिए अनुभव की आवश्यकता है और यह अनुभव गुरु-परम्परा के द्वारा एवं अपनी क्रियाशीलता पर आधारित होता है।

आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो महेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि युगानुरूप सन्दर्भ में नाडी परीक्षा के गूढ़ ज्ञान को समझना आवश्यक है। सभी मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर विभागाध्यक्ष क्रिया शारीर विभाग एवं आयोजन सचिव डा दिनेश चन्द्र शर्मा ने अभिनन्दन किया।

मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश चंद शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन के सत्र का शुभारंभ सुबह प्रायोगिक कर्माभ्यास से हुआ। नाड़ी विशेषज्ञ केजीएमपी आयुर्वेद महाविद्यालय मुंबई के पूर्व प्रोफेसर डॉ. विनायक विट्ठल तायड़े एवं डॉ. खुशबू पाम्परा ने प्रशिक्षुओं को नाड़ी परीक्षण का प्रायोगिक ज्ञान देते हुए स्वस्थ व रोगियों की नाड़ी को देखना सिखाया। प्रशिक्षणार्थियों के अलग अलग ग्रुप बनाकर रोगियों पर रोगानुसार नाडी परीक्षण कर प्रायोगिक कर्माभ्यास करवाया। कार्यशाला के कोर्डिनेटर डॉ. पूजा पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो. गोविन्द प्रसाद गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम अग्रवाल, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, डीन रिसर्च डॉ. देवेंद्र चाहर, सीएचआरडी निदेशक डॉ. राकेश कुमार शर्मा, नर्सिंग प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार राय, उपकुलसचिव डॉ. मनोज अदलखा, डॉ. हेमंत, डॉ. अनीश, डॉ. रमेश एवं क्रिया शरीर विभाग के स्नातकोत्तर अध्येता तथा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन भाग लेने वाले 250 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा ने किया।

जालोर में 5 अभ्यर्थियों ने भरे 9 नामांकन

जालोर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 की नाम निर्देशन प्राप्ति की प्रक्रिया के तहत बुधवार को रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष 5 अभ्यर्थियों ने 9 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए।

रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि नाम निर्देशन प्राप्ति की प्रक्रिया के तहत बुधवार को लुम्बाराम ने भारतीय जनता पार्टी से 4 नाम निर्देशन पत्र, टीकमाराम भाटी ने भीम ट्राइबल कॉंग्रेस से 2 नामांकन, मोहनलाल ने निर्दलीय के रूप में 1 नामांकन, गोविन्द राम ने निर्दलीय के रूप में 1 नामांकन तथा रामलाल देवासी ने निर्दलीय के रूप में 1 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन प्राप्ति की प्रक्रिया के तहत अंतिम दिवस 4 अप्रेल, 2024 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय (न्यायालय कक्ष, जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जालोर) में स्वीकार किए जाएंगे। वही 5 अप्रेल, 2024 को नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 8 अप्रेल, 2024 तक नाम-निर्देशन पत्र वापस लिए जा सकेंगे।

सार-समाचार

एम्स में दिमाग की वीडियो ई.ई.जी. होगी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर एम्स में अब मिर्गी के मरीजों को और भी बेहतर उपचार हो सकेगा। यहां अब मिर्गी के मरीजों के दिमाग की वीडियो ईईजी हो सकेगी। इससे डॉक्टर मिर्गी के मरीज के मस्तिष्क में होने वाले हर परिवर्तन की मॉनिटरिंग कर सकेंगे और उन्हें जल्द से जल्द बेहतर उपचार दे सकेंगे। जोधपुर एम्स में न्यूरोलॉजी विभाग के तहत बने मिर्गी मॉनिटरिंग इकाई का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन न्यूरोलॉजी विभाग के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने किया। इस मौके पर न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष व डॉ. सम्हिता पांडा सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। यह इकाई अब लेटेस्ट 256 चैनल वीडियो ईईजी प्रणाली से लैस है, जिसका उपयोग इंट्राक्रैनियल और स्टीरियो ईईजी इलेक्ट्रोड लगाने के लिए किया जाएगा। मिर्गी दौरे की शुरुआत की जगह सही ढंग से चित्रित करने के लिए इंट्राक्रेनियल वीडियो ईईजी मॉनिटरिंग की जाएगी। ईईजी से प्राप्त होने वाले असंगत डेटा, मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में घाव जैसे रोगियों के लिए काफी उपयोगी होगा। डॉक्टरों ने बताया कि नवंबर 2019 को एम्स जोधपुर में मेसियल टेम्पोरल स्केलेरोसिस के कारण ड्रग रिफ्रैक्टरी मिर्गी के पहले मरीज का ऑपरेशन किया गया था। लम्बे समय से गंभीर मरीजों को सर्जरी से राहत दी जा रही है। कुछ समय पहले ही एम्स जोधपुर में 50वें मिर्गी रोगी का ड्रग रिफ्रैक्टरी मिर्गी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया है।

महंत प्रतापपुरी ने गांवों का दौरा किया

पोकरण, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने जन संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आमजन की जन समस्याओं को सुन लोकसभा चुनावों में राष्ट्र हित में मतदान करने की अपील की। विधायक ने मंगलवार को सोहनपुरा, पदमपुरा, प्रभुपुरा, भूर्जगढ, खुमानसर, भोमसिंहपुरा व फलसूंड वहीं बुधवार को नोख नाचना टावरी वाला, लोहारकी सहितगावों का दौरा किया। महंत ने बैङ्कों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भाजपा को सेवा को मौका मिलता है तो विकास की स्पीड और स्केल दोनों बढ जाती है। इस दौरान कई जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मंडल अध्यक्ष मदन सिंह जोधा, सरपंच रतन सिंह जोधा, हजारी कुमावत, देवीसिंह, लाखन सिंह जोधा, मदनसिंह राजमथाई, सोहन मूढ, खेताराम मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

शेखावत का परिवार प्रचार में जुटा

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री व भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत की पत्नी नौनद कंवर और उनकी बेटियां सुहासिनी व सुरंगमा लगातार जनसंपर्क कर प्रचार अभियान में जुटी हैं। वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर और घर-घर जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प इस बार 400 के पार व मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों से लोगों को अवगत करा रहीं हैं। इसमें उन्हें लोगों से भारी समर्थन मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत की दोनों पुत्रियां गर्मी में भी अपने पिता की जीत के लिए जनसंपर्क में जुटी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए विकास और विश्वास के हर कथन का मनन करते हुए आज कई स्थानों पर जन सम्पर्क किया। उन्होंने जूनी मंडी से शुरू होकर सिंह पोल, सोनारों की घाटी, डोडीदारों का मौहल्ला, सिटी पुलिस क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोटू भाई का निधन

पाली, (नि.सं.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पांच बार पार्षद रहे देवी दास चदनानी उर्फ मोटू भाई का आज निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेसजनों व लोगों में शोक के लहर छा गई। विधायक भीमराज भाटी, महावीर सिंह सुकरलाई, जिला अध्यक्ष अजीज दर्द ,प्रदीप हिंगड़, केवल चंद गुलेचा, मोहन हटेला अमीन रंगरेज,, मंगू सिंह दुदावत आदि ने शोक प्रकट किया।

निजी कॉलोनियों को हाईकोर्ट से राहत मिली, फिलहाल टैंकरों से मीलेगा पानी

जोधपुर, (कासं)। पानी के लिए तरस रही शहर की निजी कॉलोनियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अब पीएचईडी इन कॉलोनियों में टैंकर से पानी की सप्लाई करेगा। पीएचईडी विभाग कॉलोनी के वाटर स्टोरेज में टैंकर से पानी डलवाएगा।

गौरतलब है कि पीएचईडी के अधिकारियों की लापरवाही को देखते हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में जिम्मेदारों को सजा के लिए तैयार रहने को कहा था। बुधवार को लंच से पहले जब अधिकारी परमानेंट सॉल्यूशन के साथ नहीं पहुंचे तब कोर्ट ने कहा कि अपने नाम लिखवा दो अब न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कोर्ट के इस सख्त रवैये और फटकार के बाद लंच के बाद पीएचईडी की ओर से फिलहाल अस्थाई व्यवस्था में टैंकर से पानी भिजवाने की बात कही गई। 4 इंच पानी की पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट को लेकर समय मांगा तब कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर से पानी की व्यवस्था व नई पाइप लाइन के प्रोजेक्ट के साथ 1 मई को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए।

कोर्ट ने स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य सचिव, पब्लिक हेल्थ एवं इंजीनियरिंग विभाग के सचिव व जेडीए सचिव समेत पीएचईडी और इंजीनियरिंग विभाग के एसई के साथ अंसल प्रॉपर्टी के जनरल मैनेजर को फटकार लगाई और सख्ती दिखाई। हाईकोर्ट जस्टिस पीएस भाटी व जस्टिस मुन्नीरु लक्ष्मण की बेंच में शहर की प्राइवेट कॉलोनी अंसल सुशांत सिटी के ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुशांत सिटी सोसाइटी की ओर से पानी की व्यवस्था को लेकर दायर याचिका की सुनवाई में 20 वर्ष से जेडीए अप्रूव कॉलोनी में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

हाईकोर्ट में चली सुनवाई में एडवोकेट जनरल वीसी के माध्यम से मौजूद रहे। पीएचईडी की ओर से पहले मना किया गया कि हमारे पास पानी नहीं है। पानी की व्यवस्था लिफ्ट कैनाल के थर्ड फेज पूरा होने पर ही दे सकेंगे। इस पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई। कोर्ट ने अवमानना कि कार्रवाई के लिए सख्त नजर आया तब लंच के बाद दोपहर दो बजे से सवा तीन बजे तक सुनवाई चली। उस समय पीएचईडी की ओर से कॉलोनी में टैंकर से पानी सप्लाई का टेंपरेरी सॉल्यूशन पेश किया गया और वाटर सप्लाई के लिए प्रोजेक्ट बना कर लाने के लिए समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने 1 मई तक का समय दिया।

ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुसांत सिटी सोसाइटी की ओर से एडवोकेट दीनदयाल चितलांगी ने बताया कि हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर से पानी सप्लाई के आदेश दिए है। अगली सुनवाई 1 मई को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट में एएजी राजेश पंवार भी मौजूद थे।

पीपा जयंती महोत्सव की पत्रिका का विमोचन

जोधपुर, (कासं)। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 701 वी जयंती की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन विजय चौक स्थित मंदिर में किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष प्रकाश चावडा द्वारा समाज को 701 वी पीपा जयंती में सभी पीपाजी के अन्यन भक्तो को आगामी 23 अप्रैल को बडी संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया।

न्याति ट्रस्ट सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि इस वर्ष 5 दिवसीय पीपा जयंती कार्यक्रम व 19 से 21 अप्रैल तक संत शिरोमणि पीपा जी महाराज की कथा का आयोजन विधानगर स्थित समाज भवन में होगा।

जिसमे कथाकार मिश्रीलाल पवार द्वारा कथा वाचन किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि 22 अप्रैल को समाज के युवाओं द्वारा 16 वा रक्तदान शिविर का आयोजन संयोजक दिलीप सोलंकी के सानिध्य में आयोजित होगा। जिसमे 151 से अधिक रक्तदाताओं द्वारा रक्त दान किया जायेगा।

जयंती की पूर्व संध्या पर शाम को विजय चौक मंदिर में भजन संध्या व हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। 23 अप्रैल प्रातः विजयचौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। विमोचन समारोह के अवसर पर उपाध्यक्ष सुखाराम गोयल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, उपसचिव जगदीश डेरिया, उप कोषाध्यक्ष छगन सिंह दहिया, अशोक चावडा, मोहनलाल सोलंकी,विजेंद्र गोयल, खेताराम गोयल, अजाराम टाक , पृथ्वीसिंह मखवाना, सत्यनारायण टाक , भोजराज तवर, गिरधारीलाल दहिया, तुलसीराम गोयल, दुर्गाराम पवार, ओमप्रकाश तंवर, नारायण सोलंकी, महामंदिर समाज अध्यक्ष पूसाराम चावडा, पुखराज पंवार, राहुल सोलंकी, कब्बुलाल दहिया ,सत्य नारायण राखेचा आदि समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

वृद्धा की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या करने का शक

जोधपुर, (कासं)। किराए के मकान में रह रही महिला का शव घर में मिला। भाई ने गला घोंटकर हत्या करने का शक जताया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि इसके पीछे किसी परिचित का हाथ हो सकता है।

जानकारी अनुसार जोधपुर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 में शोभा सिंधी (45) नाम की महिला अकेली किराए का मकान लेकर रहती थी। शोभा तलाकशुदा थी और पिछले तीन-चार साल से अकेली सेक्टर 11 में रह रही थी। वह रेडिमेड कपड़ों का काम करती थी। सेक्टर 11 में ही शोभा का भाई पप्पू रहता था। बुधवार सुबह वह शोभा को फोन कर रहा था लेकिन नहीं उठाया।

वह दोपहर करीब डेढ़ बजे बहन के किराए के घर पर गया। उसने घर के बाहर से आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं आने पर दरवाजा खुलकर देखा।

वह अंदर गया तो शोभा का शव बेड पर पड़ा था, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर जोधपुर पश्चिम डीसीपी राजेश यादव, प्रताप नगर एसीपी अनिल कुमार व चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा है।

मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

जालोर, (कासं)। लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप के तहत जिला, उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मानव श्रृंखला बनाकर 26 अप्रेल को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।

जिला मुख्यालय पर विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंगकर्मी, नरेगा श्रमिकों व जिला व उपखण्ड मुख्यालयों पर वीएएफ, प्रभारी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, सिविल डिफेंस, ईएलसी, आंगनवाड़ी सहायिका व कार्यकर्ता, एएनएम, राजीविका, एनयूएलएम, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर व समस्त अधिकारी-कार्मिक ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हनुमानशाला परिसर में विशाल मानव श्रृंखला बनाने के साथ 26 अप्रेल को लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर जन जागरूक किया। इस अवसर पर लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादाओं को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। जिले में सभी उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा के निर्देशन में स्वीप के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कार्मिक, राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी, मनरेगा मजदूर, स्वयं सहायता समूह क महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, पंचायत समिति कार्मिक ने मानव श्रृंखला बनाते हुए 26 अप्रेल को लोकतंत्र के महापर्व पर स्वयं द्वारा मतदान करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया।

इस दौरान नायब तहसीलदार रूपाराम, आरआई जोगेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई, राजीविका कलस्टर प्रभारी राधेश्याम सालवी व राजीविका सीसी श्रीमती नितु कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) व एनएसएस के विद्यार्थियों ने मतदान जागरुकता के लिए गीत प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में ललिता, विमला व रेखा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान चैनकरण सिंह करणोत ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरुकता बढ़ाने में उनकी भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत स्वीप गतिविधि के तहत 4 अप्रेल, गुरूवार को जिला प्रशासन द्वारा प्रवासी मतदाताओं के साथ गूगल मीट के माध्यम से संवाद कर उन्हें 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा।जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व स्वीप प्रभारी जवाहर चौधरी ने बताया कि 4 अप्रेल, गुरूवार को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गूगल मीट के माध्यम से प्रवासी मतदाताओं को अपने घर आकर 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा।

इंस्टाग्राम से युवती की फोटो लेकर बनाया, केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती झंवर थाना क्षेत्र में एक युवती की इंस्टाग्राम आईडी से फोटो लेकर उसके एडिट कर अज्ञात शख्स ने आपत्तिजनक बनाकर वायरल कर दिया। युवती के परिजन की तरफ से अब झंवर थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है।

झंवर पुलिस ने बताया कि डोली निवासी एक व्यक्ति की तरफ से आईटी एक्ट में केस दर्ज करवाया गया।

इसमें बताया कि उसकी पुत्री इंस्टाग्राम आईडी पर एक्टिव है। किसी शख्स ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी से फोटो अपलोड कर उसे आपत्तिजनक बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने इसमें गहन पड़ताल आरंभ की है।

युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक युवक की अचानक से तबीयत बिगड गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।